श्री बंशीधर नगर शनिवार
16.05.2026
ज्येष्ठ कृष्णपक्ष अमावस्या संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 262

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:19 बजे
अस्त - 06:17 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 24 डिग्री से.

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...
# बंशीधर न्यूज
डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com



मिट्टी का घर ढहा, किशोर की मौत >> पेज 03
कान्स में तारा सुतारिया का ग्लोबल जलवा >> पेज 05

**सुविचार**

अगर आप सभी नियमों का पालन करेंगे तो आप सारा मजा खो देंगे।

**न्यूज अपडेट्स**

### मुफ्त प्रसाद बेचकर 3.40 करोड़ की धोखाधड़ी, छह कर्मचारी निलंबित

रामनाथपुरम। अरुलमिगु रामनाथस्वामी मंदिर में श्रद्धालुओं को मुफ्त वितरित किए जाने वाले लड्डू प्रसाद को अवैध रूप से बेचकर 3 करोड़ 40 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने के मामले में मंदिर प्रशासन ने एक जूनियर असिस्टेंट सहित छह कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। मामले का खुलासा उस समय हुआ जब पिछले मार्च महीने में मंदिर के संयुक्त आयुक्त सेलतुरई ने लड्डू प्रसाद की तैयारी और आय-व्यय खातों की अचानक जांच कराई। जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। प्राथमिक जांच में पता चला कि प्रसाद निर्माण और बिक्री के प्रभारी जूनियर असिस्टेंट के. पंचमूर्ति ने मुफ्त बांटे जाने वाले लड्डुओं की संख्या रिकॉर्ड में कम दिखाकर उन्हें स्टॉलों के माध्यम से अवैध रूप से बेच दिया। इसके जरिए बड़ी मात्रा में धन एकत्र किया गया। इसके बाद संबंधित कर्मचारियों और अन्य स्टाफ से लगातार पूछताछ की गई। जांच में यह पुष्टि हुई कि जूनियर असिस्टेंट के. पंचमूर्ति के नेतृत्व में कर्मचारियों का एक समूह लंबे समय से इस घोटाले को अंजाम दे रहा था। जांच रिपोर्ट के अनुसार, बाहरी बाजार से कच्चा माल थोक में खरीदकर अवैध तरीके से लड्डू तैयार किए गए और उन्हें मंदिर परिसर के काउंटरों के माध्यम से श्रद्धालुओं को बेचा गया। अधिकारियों के अनुसार, वर्ष 2023 से फरवरी 2026 तक करीब 11 लाख 40 हजार लड्डू अवैध रूप से तैयार कर बेचे गए, जिससे लगभग 3 करोड़ 40 लाख 65 हजार रुपये की धोखाधड़ी हुई।

**ईंधन संकट** रांची में पेट्रोल-डीजल को लेकर अफरा-तफरी, लग रही हैं लंबी कतारें

# राजधानी रांची में कई पेट्रोल पंप हुए ड्राई

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में पेट्रोल-डीजल को लेकर शुक्रवार को अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। पेट्रोल पंप संचालकों और केंद्र सरकार की ओर से ईंधन का पर्याप्त भंडार होने का दावा किए जाने के बावजूद शहर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर सुबह से ही वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। शुक्रवार सुबह करीब छह बजे से ही लोग बड़ी संख्या में पेट्रोल पंपों पर पहुंचने लगे। बाइक, स्कूटी और कारों की लंबी लाइनें लग गईं। कई लोग गैलन और बोतलों में भी पेट्रोल भरवाते नजर आए। अचानक बढ़ी मांग के कारण कई पेट्रोल पंपों पर ईंधन खत्म होने की स्थिति उत्पन्न हो गई, जबकि कुछ पंप पूरी तरह ड्राई होकर बंद



भी हो गए। कोकर, लालपुर और डीपीएस के पास स्थित पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ देखी गई। कडरू पेट्रोल पंप, करमटोली पेट्रोल पंप और बरियातू समेत शहर के लगभग सभी प्रमुख पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। कडरू ब्रिज के निकट स्थित पेट्रोल पंप पर सुबह से ही वाहन चालकों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं करमटोली-जेल रोड स्थित आमने-सामने के दो पेट्रोल पंपों में से एक नया पंप ईंधन खत्म होने के कारण बंद हो गया। बरियातू स्थित पेट्रोल पंप भी ड्राई होने के कारण बंद पड़ा रहा। स्थिति को देखते हुए रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने लोगों से संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोग घबराएं नहीं और केवल जरूरत के अनुसार ही पेट्रोल-डीजल भरवाएं। अनावश्यक स्टॉकिंग से अन्य उपभोक्ताओं को परेशानी हो सकती है और इससे पंपों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ रहा है। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जिले में ईंधन की आपूर्ति सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की भी अपील की।

इधर, झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के प्रवक्ता प्रमोद कुमार ने कहा कि तेल की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है, लेकिन अचानक मांग बढ़ जाने के कारण कई पंपों पर ड्राई की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि जिन पंपों पर सामान्य स्थिति में तीन दिनों का स्टॉक रहता था, वह एक ही दिन में समाप्त हो जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पेट्रोलियम कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। रांची में पेट्रोल की कीमत 97.86 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 100.86 रुपये हो गई है, जबकि डीजल की कीमत 92.62 रुपये से बढ़कर 95.76 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है। नई दरें शुक्रवार सुबह छह बजे से लागू हो गई हैं।

## मंत्री इरफान ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, सुरक्षा बढ़ाने की मांग



**रांची।** झारखंड में पेट्रोल और डीजल पंपों पर बढ़ती भीड़, लंबी कतारों और अव्यवस्था को लेकर स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने राज्य के संवेदनशील पेट्रोल पंपों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और दंडाधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। मंत्री ने राज्यभर में उत्पन्न स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि कई जिलों में पेट्रोल पंपों पर पिछले कुछ दिनों से अत्यधिक भीड़ और अफरा-तफरी जैसी स्थिति बनी हुई है। कई स्थानों पर लोगों को घंटों लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है, जिससे आम नागरिकों, वाहन चालकों और पेट्रोल पंप संचालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंत्री ने कहा कि यदि स्थिति को समय रहते नियंत्रित नहीं किया गया तो तनाव बढ़ सकता है और अप्रिय घटनाओं की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। डॉ. अंसारी ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि भीड़भाड़ वाले और संवेदनशील पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाए, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और लोगों को बिना परेशानी ईंधन उपलब्ध हो सके। उन्होंने संबंधित विभागों और जिला प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की भी अपील की। मंत्री ने कहा कि जनता की सुरक्षा और सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी परिस्थिति में आम नागरिकों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त कदम भी उठाए जाएंगे, ताकि राज्य में शांति एवं व्यवस्था बनी रहे।

# झारखंड के दो मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस और पीजी सीटों में बढ़ोतरी

**रांची।** केन्द्र सरकार ने झारखंड के दो प्रमुख मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस और पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) सीटों में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय से राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ-साथ आने वाले वर्षों में डॉक्टरों की कमी दूर करने में भी मदद मिलेगी। केंद्र से जिन मेडिकल कॉलेजों में सीट वृद्धि को मंजूरी मिली है, उनमें जमशेदपुर स्थित एमजीएम मेडिकल कॉलेज और धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल प्रमुख हैं। धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज में वर्तमान में 100 एमबीबीएस सीटें थीं, जिन्हें बढ़ाकर 250 कर दिया गया है। यानी यहां 150 नई सीटों की वृद्धि हुई है। वहीं, जमशेदपुर स्थित एमजीएम मेडिकल कॉलेज में पहले से 150 सीटें थीं, जिन्हें बढ़ाकर 250 कर दिया गया है। यानी यहां 100 सीटों की वृद्धि की गई है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय स्वास्थ्य



विभाग के अधिकारियों, विशेषकर अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह और पूरी टीम को दिया। मंत्री ने कहा कि लगातार मॉनिटरिंग, केंद्र सरकार के साथ प्रभावी समन्वय और मजबूत प्रस्तुति के कारण यह सफलता संभव हो सकी। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि इस पूरी योजना के तहत केंद्र सरकार ने एमबीबीएस सीट विस्तार के लिए 225 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है, जिसमें 135 करोड़ रुपये की हिस्सेदारी केंद्र सरकार की होगी। इसके साथ ही विभिन्न विभागों में पोस्ट ग्रेजुएट सीटों की भी मंजूरी दी गई है, जिससे राज्य में विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या बढ़ेगी और मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रस्ताव को अब आगे कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। मंत्री ने इसे अपने लगातार प्रयासों, विभागीय समन्वय और ठोस पहल का परिणाम बताया। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक छात्र झारखंड से डॉक्टर बनें और अपने ही राज्य में रहकर लोगों की सेवा करें। उन्होंने कहा कि यह सपना अब साकार हो रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि सीटों में इस बढ़ोतरी का सबसे बड़ा लाभ ग्रामीण और पिछड़े इलाकों को मिलेगा, जहां स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूती मिलेगी। अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने भी इस निर्णय को राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि भविष्य में अन्य मेडिकल कॉलेजों में भी सीटें बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही सुपर स्पेशियलिटी सीटों में वृद्धि की योजना पर भी काम चल रहा है।

**आरजी कर कांड और भ्रष्टाचार पर शुभेंदु सरकार का बड़ा एक्शन**

# तीन आईपीएस समेत कई पुलिस अधिकारी सस्पेंड

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था, जेलों में कथित भ्रष्टाचार और आरजी कर मेडिकल कॉलेज कांड को लेकर मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया। नवान्न में शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार के दौरान प्रशासन के कई स्तरों पर ह्लरक्षक ही भक्षकह्व जैसी स्थिति बन गई थी और अपराधियों के साथ प्रशासन के कुछ लोगों की सांठगांठ विकसित हो गई थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार इस पूरे तंत्र को तोड़ने के लिए लगातार अभियान चलाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रेसिडेंसी करेक्शनल होम में कैदियों के पास बड़ी संख्या में स्मार्टफोन इस्तेमाल किए जाने की शिकायतें मिली थीं। इस शिकायत के बाद डीजी करेक्शनल होम एन. रमेश बाबू को मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी और कोलकाता पुलिस के साथ समन्वय कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।



डीजी कारा एन. रमेश बाबू ने बताया कि कोलकाता पुलिस की मदद से प्रेसिडेंसी जेल में अचानक छापेमारी की गई। 10 विशेष टीमों ने करीब चार घंटे तक तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान जेल के अलग अलग गुप्त स्थानों से कुल 23 मोबाइल फोन बरामद किए गए। अब इस बात की जांच की जा रही है कि ये मोबाइल फोन जेल के भीतर कैसे पहुंचे, कौन उनका इस्तेमाल कर रहा था और किन लोगों से संपर्क बनाए रखा जा रहा था।

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने घोषणा की कि पूरे मामले की जांच सीआईडी को सौंपी जाएगी। साथ ही प्रशासनिक लापरवाही के आरोप में प्रेसिडेंसी करेक्शनल होम के सुपरिंटेंडेंट एन. कुजूर और चीफ कंट्रोलर दीप्त घोड़ाई को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। प्रेसवार्ता में मुख्यमंत्री ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या मामले का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच में गंभीर प्रशासनिक त्रुटियां, प्राथमिकी दर्ज करने और जांच प्रक्रिया में लापरवाही तथा पीड़िता के परिवार को कथित रूप से रिश्वत देने की कोशिश जैसे आरोप सामने आए हैं। इन आरोपों के आधार पर तीन आईपीएस अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। निलंबित किए गए अधिकारियों में पूर्व कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल, तत्कालीन डीसी सेंट्रल इंदिरा मुखर्जी और तत्कालीन डीसी नॉर्थ अभिषेक गुप्ता शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार महिला समाज और मातृशक्ति के सम्मान के मुद्दे पर किसी तरह का समझौता नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि ह्लअभयाह्व कांड ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया था और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री के अनुसार, सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष हो और घटना से जुड़े हर पहलू की गहराई से पड़ताल की जाए। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अभया कांड में पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भूमिका की भी जांच होगी।



# लाखों की चोरी का खुलासा, सात आरोपित पकड़े गए

**रांची।** रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र में बंद घर में हुई लाखों रुपये की चोरी मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में छह अपराधियों गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को निरुद्ध किया है। छापेमारी के दौरान गिरफ्तार आरोपितों के नाम पुलिस ने छह आरोपितों मोहम्मद नकीब उर्फ सोनार, मोहम्मद सारफ उर्फ शाहरुख, मोहम्मद सिमबाज, मोहम्मद जेद, मोहम्मद सेफ उर्फ सेम, मोहम्मद कैफ उर्फ झुसु है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से चोरी के सोने-चांदी के जेवर, मोबाइल फोन और अन्य सामान बरामद किए गए हैं। सिटी एसपी पारस राणा ने शुक्रवार को बताया कि 8 मई 2026 को डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित वाजपेयी पथ के एक बंद घर में अज्ञात अपराधियों ने करीब पांच लाख रुपये के जेवर और पचास हजार रुपये नकद की चोरी की थी। इस संबंध में डोरंडा थाना (कांड संख्या-121/26) के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक हटिया के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित चोरी के जेवरों को गलाकर बेचने का काम भी करते थे। जांच के दौरान आरोपितों के मोबाइल फोन से जेवर खरीद-बिक्री से संबंधित चैट भी बरामद हुई है। गिरफ्तार आरोपितों में अधिकांश लोग रांची के हिंदपीढ़ी, लोहरदगा और आसपास के क्षेत्रों के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से भारी मात्रा में चोरी का सामान जब्त किया है। बरामद सामानों में सोने की अंगूठी, कान के टॉप्स, नोजपिन, मंगलसूत्र का लॉकेट, सोने का लटकन, रिंग सहित कई आभूषण शामिल हैं। वहीं, चांदी के बेरा, बिछिया, पायल, कमरबंद और अन्य जेवर भी बरामद किए गए हैं। इसके अलावा आईफोन 15, मोटोरोला, सैमसंग, रेडमी और पोको कंपनी के मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, कुल 21.6 ग्राम सोना बरामद हुआ है जिसकी अनुमानित कीमत करीब 3.20 लाख रुपये है। वहीं, लगभग डेढ़ लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवर गलाकर बेचे जा चुके हैं। इसके अलावा 219.48 ग्राम चांदी बरामद की गई है जिसकी अनुमानित कीमत करीब 63 हजार रुपये बताई गई है, जबकि करीब 1.5 लाख रुपये की चांदी गलाकर बेच दी गई थी।

## न्यूज अपडेट्स

### हाइकोर्ट में उठा पेट्रोल-डीजल का मुद्दा, वकीलों ने की ऑनलाइन सुनवाई की मांग

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय में राजधानी रांची के कई पेट्रोल पंपों के ड्राई होने और पेट्रोल-डीजल को लेकर पंपों पर भारी भीड़ होने का मुद्दा उठाया गया। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की खंडपीठ में दो अधिवक्ताओं शैलेश कुमार सिंह और वरीय अधिवक्ता एमएस मित्तल ने यह मुद्दा उठाया। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि राजधानी रांची में बीते कुछ दिनों से कई पेट्रोल पंप ड्राई हो चुके हैं और बंद हैं। वहीं कुछ पेट्रोल पंपों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देश के लोगों से आह्वान किया है कि वे वर्क फ्रॉम होम काम कर सकते हैं। ऐसे में झारखंड उच्च न्यायालय की सुनवाई भी ऑनलाइन तरीके से की जाए तो बेहतर होगा। जिस पर खंडपीठ ने कहा कि पेट्रोल-डीजल को लेकर जो स्थितियां वर्तमान में राजधानी रांची सहित राज्य के अन्य जिलों में दिख रही है, इससे वे भी अवगत हैं। अधिवक्ताओं के अनुरोध पर उन्होंने कहा कि इस विषय को उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के संज्ञान में लाने का प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने अधिवक्ताओं को कहा कि ऑनलाइन कोर्ट चलाने के संदर्भ में वह चीफ जस्टिस के पास वे अपनी बात रखें। राज्य में पेट्रोल-डीजल की गंभीर किल्लत के बीच झारखंड उच्च न्यायालय एडवोकेट्स एसोसिएशन ने भी सप्ताह में एक दिन अनिवार्य वर्चुअल कोर्ट संचालन की मांग की है। एसोसिएशन ने झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजकर प्रशासनिक निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है। एसोसिएशन ने सुझाव दिया है कि सप्ताह में एक दिन जैसे सोमवार को मैंडेटरी वर्चुअल डे घोषित किया जाए, जिसमें उच्च न्यायालय और अधीनस्थ अदालतों में केवल वर्चुअल सुनवाई हो। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि झारखंड उच्च न्यायालय पहले से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाओं से लैस है।

## शिक्षा

### एमके इंटरनेशनल स्कूल में इन्वेस्टिचर सेरेमनी

# अनुराग बने हेड बॉय व कोमल कुमारी हेड गर्ल

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** एमके इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को कक्षा एक से दस तक के छात्र-छात्राओं का इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के अध्यक्ष डॉ अभिमन्यु कुमार सिंह एवं स्कूल के प्राचार्य डॉ राय रोज ने सरस्वती माता के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया। तत्पश्चात डॉ सिंह का तिलक एवं बुके देकर स्वागत किया गया। कक्षा सप्तम के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद कक्षा एक से दस तक के सभी वर्ग शिक्षकों का स्वागत डॉ अभिमन्यु कुमार सिंह द्वारा किया गया। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा सभी शिक्षकों को दीपक हाथ में लेकर शपथ ग्रहण कराया गया। सत्र 2026-27 के लिये छात्र परिषद के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। हेड बॉय अनुराग सिंह को बनाया गया। जबकि कोमल कुमारी को हेड गर्ल, आद्रिका सिंह एवं स्वास्तिक सिंह को चीफ प्रीफेक्ट, सुभाष चंद्र बोस हाउस (ग्रीन हाउस), के लिये खुशबू प्रजापति को हाउस मास्टर बनाया गया। सौम्या सिंह कक्षा 9 को कैप्टन, आमिर सुहेल कक्षा 9 को वाईस कैप्टन, सरदार वल्लभभाई पटेल हाउस के लिये मंगला पाल को हाउस मास्टर, रोशन सिंह को कैप्टन, नंदिनी कुमारी कक्षा 8 को वाइस कैप्टन बनाया गया। भगत सिंह हाउस रेड हाउस के लिये गुफराना सुहैल को हाउस मास्टर, अंकिता कुमारी कक्षा 9 को कैप्टन, वासिफ राजा कक्षा 8 को वाइस कैप्टन बनाया गया। रानी लक्ष्मीबाई हाउस (ब्लू हाउस) के लिये रेनुका सिंह को हाउस मास्टर, रविकांत कक्षा 9 को कैप्टन, अविशा रानी कक्षा 8 को वाइस कैप्टन बनाया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने निष्ठापूर्वक शपथ ग्रहण की तथा विद्यालय के अनुशासन एवं गौरव को बनाये रखने का संकल्प लिया। संपूर्ण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंत में अमृता सिंह के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।




## पारंपरिक ग्राम सभा की मजबूती के लिए सरकार कृतसंकल्पित : दीपिका

**रांची।** ग्रामीण विकास और पंचायती राज के मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि पारंपरिक ग्राम सभा की अधिकार को लेकर हेमंत सरकार कृतसंकल्पित है। सरकार आदिवासी समाज की परंपराओं, अधिकारों और स्वशासन की भावना के सम्मान के साथ पेसा नियमावली को जमीनी स्तर पर लागू करने की दिशा में काम कर रही है। इसे लेकर विभाग को निर्देश दिए गए हैं। मंत्री दीपिका शुक्रवार को पेसा नियमावली के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर माझी परगना महल, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां के प्रतिनिधिमंडल से अपने आवास में हुई मुलाकात के दौरान बोल रही थी। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने पेसा नियमावली 2025 के लागू होने पर मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पेसा नियमावली के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की। मंत्री ने कहा कि पेसा नियमावली का उद्देश्य पारंपरिक ग्राम सभाओं को न सिर्फ. सशक्त बनाना है, बल्कि जनजातीय समुदाय को उनके अधिकारों, परंपराओं और स्वशासन की भावना के अनुरूप विकास की मुख्यधारा से जोड़ना भी है। मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से आग्रह किया कि ग्राम सभा के गठन, सत्यापन, सीमांकन और प्रकाशन की प्रक्रिया में पारंपरिक आदिवासी स्वशासन व्यवस्था के प्रतिनिधियों परगना बाबा, मानकी बाबा, हातु मुंडा एवं माझी बाबाओं की सक्रिय भागीदारी को प्राथमिकता में रखा जाए। ताकि प्रक्रिया पारदर्शी एवं जनविश्वास के अनुरूप हो। इसके साथ ही पारंपरिक ग्राम सभा की अध्यक्षता पेसा नियमावली के प्रावधानों के अनुरूप अनुसूचित जनजाति समुदाय के योग्य व्यक्ति की ओर से करने पर जोर दिया।



### सरस्वती विद्या मंदिर में डस्टबीन मेकिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन, प्रधानाचार्य ने कहा

# बेहतर डस्टबीन बनाने वाली टीम होगी पुरस्कृत

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** सरस्वती विद्या मंदिर में बच्चों में क्राफ्ट और रचनात्मकता की अभिवृद्धि को लेकर मध्यावकाश के बाद डस्टबीन मेकिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा तृतीय से दशम तक के भैया-बहन टीम बनाकर भाग लिये एवं रंग-बिरंगे डस्टबीन सीमित समय में बनाकर अपनी प्रतिभा को दिखाया। उस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि कार्डबोर्ड, गत्ते, रंगीन पेपर और पेंटिंग का इस्तेमाल करके आकर्षक और उपयोगी डस्टबिन भैया-बहनों ने बनाया है। इस प्रतियोगिता से बच्चों में वेस्ट मेटेरियल का उपयोग, कलर कोडिंग की कला के साथ टीम वर्क की भावना बढ़ती है। प्रतियोगिता में कुल 83 डस्टबीन बने हैं। सभी का मूल्यांकन होने के बाद श्रेष्ठ टीम को पुरस्कृत किया जायेगा और डस्टबीन प्रत्येक कक्षाओं में स्वच्छता की दृष्टि से रखा जायेगा। उन्होंने घर में आयोजित होने वाले मांगलिक कार्यों में स्वरचित डस्टबिन का उपयोग कर प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत की परिकल्पना को साकार करने का आह्वान किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में आचार्य नन्दलाल पाण्डेय, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, सत्येन्द्र प्रजापति, अविनाश कुमार, नीरज सिंह, सुजीत दुबे, अशोक कुमार, दिनेश कुमार, हिमांशु झा, रूपेश कुमार, हृषिकेश तिवारी, प्रसून कुमार, कृष्ण मुरारी, प्रदीप कुमार गुप्ता, ऋषिकांत तिवारी, बिक्रम प्रसाद, अमन केरकेट्टा, प्रीतम, ऋतुराज, विवेक, आचार्या नीति कुमारी, सुप्रिया कुमारी, खुशबू सिंघल, रेणु पाठक, तन्वी जोशी, सलोनी आदि की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।




## नावा बाजार के सोहदाग में वज्रपात से एक महिला की मौत, तीन घायल



**नावा बाजार :** नावा बाजार थाना क्षेत्र के सोहदाग खुर्द में शुक्रवार की दोपहर में अचानक आई बारिश के दौरान हुई वज्रपात से एक महिला की मौत हो गई। जबकि इस घटना में तीन अन्य छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में इलाज के लिये भेजा गया है। जानकारी के अनुसार सभी एक पेड़ के नीचे बैठे हुये थे, इसी दौरान अचानक बारिश व तूफान में हुई वज्रपात में 35 वषीर्या सुनीता देवी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि उनकी पुत्री डिम्पल कुमारी (10), जय सिंह की पुत्री रिंकी कुमारी (12) व विनय सिंह की पुत्री पिंकी कुमारी (5) गंभीर रूप से घायल हो गई। सभी घायलों को इलाज के लिये भेजा गया है। मुखिया कमला देवी, सामाजिक कार्यकर्ता दामोदर चौधरी व अनूप कुमार ने मृतक के परिजनों से मिलकर सांत्वना देते हुये उन्हें उचित मुवावजा दिलाने का भरोसा दिलाया। वहीं पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दी है। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

## पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई, 12 क्विंटल जावा महुआ, 50 लीटर अवैध शराब व भट्ठी नष्ट



**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के चपर दाग सिकनी में पुलिस ने अवैध शराब निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मौके पर से करीब 12 क्विंटल जावा महुआ, लगभग 50 लीटर अवैध देशी शराब एवं शराब बनाने में प्रयुक्त भट्ठी को विनष्ट कर दिया है। यह कार्रवाई शुक्रवार को विशेष अभियान के तहत की गई।पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त गांव में बड़े पैमाने पर अवैध महुआ शराब का निर्माण किया जा रहा है। सूचना के आधार पर छापेमारी की गई, जहां भारी मात्रा में जावा महुआ और तैयार देशी शराब बरामद हुई। मौके पर मौजूद अवैध भट्ठियों को भी ध्वस्त कर दिया गया। हालांकि पुलिस की भनक लगते ही शराब कारोबार से जुड़े संचालक मौके से फरार हो गये, जिसके कारण किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। पुलिस फरार आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिये लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और इसमें शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## झारखंड में 21 मई तक आंधी-बारिश और वज्रपात का अलर्ट

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में आगामी 21 मई तक मौसम खराब रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। विभाग ने विशेष रूप से 17 और 18 मई को राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश और वज्रपात की आशंका जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। ऑरेंज अलर्ट वाले जिलों में उत्तर-पूर्वी और मध्यवर्ती क्षेत्र शामिल हैं। इनमें धनबाद, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, रांची और रामगढ़ प्रमुख रूप से शामिल हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक वर्षा सिमडेगा जिले के कोलेबिरा क्षेत्र में 4.8 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर में 3 मिलीमीटर, गुमला जिले के पालकोट में 2.8 मिलीमीटर तथा बिशनपुर में 1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में सबसे अधिक डाल्टनगंज में 44 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान रांची के नामकुम क्षेत्र में 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# नीट पेपर लीक के विरोध में छात्रों का प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री का फूंका पुतला




**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों में लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में झारखंड छात्र मोर्चा गढ़वा इकाई के कार्यकताओं ने शुक्रवार को शहर में विरोध प्रदर्शन करते हुये केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व संगठन के जिला अध्यक्ष निशांत चतुर्वेदी ने किया। प्रदर्शन के दौरान छात्र नेताओं ने केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्रालय के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर जिलाध्यक्ष निशांत चतुर्वेदी ने कहा कि केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्रालय पूरी तरह विफल साबित हुये हैं। जब देश का युवा अपने भविष्य को लेकर सड़कों पर उतरने को मजबूर हो जाय, तब यह समझ लेना चाहिये कि व्यवस्था पूरी तरह खोखली हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हर बार जांच और कार्रवाई का आश्वासन देकर सरकार अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। विश्वविद्यालय कोषाध्यक्ष कुमार सुभेंद्र ने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में पेपर लीक होना देश के लाखों मेहनती छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। छात्र महीनों तक कठिन परिश्रम कर परीक्षा की तैयारी करते हैं, लेकिन भ्रष्ट व्यवस्था और लापरवाही के कारण उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता है। जिला सचिव विकास चंद्रवंशी ने केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर गंभीर सवाल उठाते हुये दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी सामने आना यह दशार्ता है कि परीक्षा प्रणाली पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुकी है। उन्होंने मांग की कि नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को जल्द से जल्द सजा दी जाय, ताकि छात्रों का विश्वास दोबारा कायम हो सके। संगठन सचिव बिक्की रौशन ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुये कहा कि यदि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जायेगा। वहीं मनीष गुप्ता ने कहा कि झारखंड छात्र मोर्चा हमेशा छात्र हितों की लड़ाई लड़ता रहेगा और अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करता रहेगा। मौके पर जिला संगठन सचिव आर्यन सिंह, सह सचिव शमशेर अंसारी, शुभम दुबे, शुभम गुप्ता, प्रफुल कुमार, बिमलेश यादव, शुभम कुमार, अखिलेश बेदिया, नरेंद्र गुप्ता, विवेक, झामुमो के केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य जवाहर पासवान, तनवीर आलम, सचिव सरीफ अंसारी, कोषाध्यक्ष चंदन जायसवाल, फरीद खान, मनीष कमलापुरी, जफर समेत अन्य लोग भी मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### नामांकन के नाम पर अवैध वसूली का आरोप, बीडीओ से की शिकायत

**विश्रामपुर :** नगर परिषद मुख्यालय में संचालित प्लस टू जनता हाईस्कूल में नामांकन के दौरान अवैध वसूली किये जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में ज्ञान रंजन नामक युवक ने बीडीओ को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अपने छोटे भाई का कक्षा आठ में नामांकन कराने 11 मई को स्कूल पहुंचा था। वहां पहले से नामांकन करा चुके छात्रों से जानकारी लेने पर उसे बताया गया कि नामांकन शुल्क 220 रुपये लिया जा रहा है। आरोप है कि जब उसने 500 रुपये का नोट दिया तो नामांकन के नाम पर उससे 400 रुपये ले लिये गये। ज्ञान रंजन का कहना है कि जब उसने अधिक राशि लेने का विरोध किया तो लिपिक अरुण कुमार ने उसके साथ बदसलूकी की तथा मारपीट की धमकी भी दी। बाद में उसने इसकी शिकायत स्कूल के प्राचार्य अरुण कुमार सिंह से की। शिकायत के बाद किसी तरह नामांकन किया गया तथा लिये गये 400 रुपये में से 100 रुपये वापस कराया गया। पीड़ित ने बीडीओ से मामले की जांच कर संबंधित शिक्षक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## विशुनपुरा तेज तूफान और वज्रपात ने मचायी तबाही

# मिट्टी का घर ढहा, किशोर की मौत



**बंशीधर न्यूज**

**विशुनपुरा :** प्रखंड में शुक्रवार की दोपहर आई तेज तूफान, मूसलाधार बारिश और वज्रपात ने विशुनपुरा प्रखंड के सारो गांव में भारी तबाही मचा दी है। अचानक बदले मौसम ने कुछ ही मिनटों में पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया। तेज गर्जना और आंधी के बीच हुई वज्रपात की घटना में सारो के मुड़ाहरा टोला निवासी जयराम वियार के 12 वर्षीय पुत्र आदित्य वियार की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं आधा दर्जन से अधिक विशाल महुआ और आम के पेड़ जड़ से उखड़कर धराशायी हो गये। कई घरों के खपड़े और सीट भी उड़ गये।जानकारी के अनुसार आदित्य वियार स्कूल से पढ़कर दोपहर में घर लौटा था। घर आने के बाद वह मिट्टी से बने अपने घर में सो रहा था। इसी दौरान अचानक मौसम ने भयावह रूप ले लिया। तेज आंधी और गर्जना के साथ जोरदार वज्रपात हुआ, जिससे मिट्टी का कमजोर घर भरभराकर गिर पड़ा। घर के मलबे में आदित्य दब गया।

घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़ पड़े और मलबा हटाकर बच्चे को बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। मासूम बेटे की मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव का माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया।ग्रामीणों ने बताया कि जयराम वियार बेहद गरीब परिवार से हैं और यही उनका एकमात्र आशियाना था। तेज तूफान में घर की पूरी छत उड़ गई और मिट्टी की दीवारें ढह गईं। घर में रखा खाद्यान्न, कपड़े, बांस-बल्ली, बर्तन और अन्य घरेलू सामान भी नष्ट हो गये। परिवार अब खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार लाखों रुपये की क्षति हुई है।

तूफान का असर पूरे इलाके में देखने को मिला। गांव के कई हिस्सों में पेड़ उखड़कर सड़कों और खेतों में गिर गये। कई जगह बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई। लोगों ने बताया कि ऐसा भयावह तूफान वर्षों बाद देखने को मिला है। घटना की सूचना मिलते ही विशुनपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। उधर सीओ खगेश कुमार भी घटनास्थल पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि तत्काल राहत के रूप में खाद्य सामग्री उपलब्ध करा दी गई है। साथ ही सरकारी नियमानुसार पीड़ित परिवार को चार लाख रुपये मुआवजा तथा अंबेडकर आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराया जायेगा।

घटना के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी पीड़ित परिवार की मदद के लिये हाथ बढ़ाया। विधायक अनंत प्रताप देव के निर्देश पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, मुखिया प्रतिनिधि अशोक पासवान तथा उमाशंकर बैठा ने तत्काल आर्थिक सहयोग प्रदान किया। मौके पर समाजसेवी रामनाथ पाल, उपप्रमुख प्रतिनिधि अजय पाल, संजय चंद्रवंशी, दिनेश पाल, ज्ञासुदीन अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## वज्रपात से किशोरी की मौत, चार लोग घायल

**गढ़वा :** शहर से सटे जुटी गांव में शुक्रवार को तेज आंधी और बारिश के दौरान हुई वज्रपात की घटना में एक किशोरी की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिये गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान गढ़वा थाना क्षेत्र के जुटी गांव निवासी अनीश अंसारी की 15 वर्षीय पुत्री समरीना खातून के रूप में हुई है। वहीं घायलों में जुटी गांव निवासी मो हुसैन अंसारी की पत्नी अंजुम आरा (40 वर्ष), ताहिर हुसैन की पत्नी जमसीदा बीबी (39 वर्ष), औसताज अंसारी का पुत्र राजा अंसारी (12 वर्ष) शामिल हैं। इसके अलावा दूसरी घटना में मेराल थाना क्षेत्र के सोहबरिया गांव निवासी सुनेश चौधरी की पत्नी पूजा देवी (22 वर्ष) भी वज्रपात की चपेट में आकर घायल हो गईं। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

घटना के संबंध में घायल अंजुम आरा ने बताया कि शुक्रवार दोपहर अचानक मौसम बदल गया था। तेज हवा चल रही थी और आसमान में काले बादल छा गये थे। इसी दौरान गांव के कई लोग आम के पेड़ के नीचे गिरे आम चुन रहे थे। तभी अचानक तेज बारिश शुरू हो गई और कुछ ही देर में जोरदार वज्रपात हुआ। वज्रपात की चपेट में आते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सभी लोग जमीन पर गिर पड़े। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिये सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद समरीना खातून को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य घायलों का इलाज शुरू किया गया। चिकित्सकों के अनुसार घायलों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

## करकोमा में वज्रपात से दो बैलों की मौत

**मेराल :** शुक्रवार को तूफान के साथ हल्की बारिश में वज्रपात होने से किसानी करने वाला दो बैल की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मेराल थाना क्षेत्र के करकोमा गांव के खुटैलिया टोला निवासी युनुस अंसारी पिता मजीद अंसारी का दोनों बैल बताया गया है। वार्ड प्रतिनिधि नाजिम अंसारी ने बताया कि घर के पास महुआ पेड़ के नीचे दोनों बैल बंधा हुआ था। शुक्रवार को करीब 12 बजे अचानक तूफान बारिश में हुई वज्रपात से दोनों बैल की मौत मौके पर ही हो गई। इसकी जानकारी




प्रभारी बीडीओ सह सीओ यशवंत नायक और पशु चिकित्सा पदाधिकारी केके सिंह को दे दी गई है। बैल के मालिक युनुस ने बताया कि बरसात में किसानी करने के लिये दोनों बैल महंगे दाम में लिये थे। बरसात में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। मेरी ऐसी क्षमता नहीं है कि दोबारा खरीदारी कर आने वाले बरसात में किसानी कर सकेंगे। उन्होंने सरकारी प्रावधानों के अनुसार आपदा विभाग से मुआवजा के लिये विभाग और सरकार से गुहार लगाई है।

## जीएन कॉन्वेंट के मेधावियों का सम्मान, पलक ने जिले में लहराया परचम

# 10वीं व 12वीं के टॉपर विद्यार्थी हुए सम्मानित

**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में शुक्रवार को कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के टॉपर विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का माहौल उत्साह, गौरव और प्रेरणा से भरा रहा। मेधावी विद्यार्थियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान से हुई। स्वागत गीत के माध्यम से मंचासीन




अतिथियों एवं टॉपर विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया। कक्षा 12 वीं में पलक अग्रवाल ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे जिले में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। पलक ने बायोलॉजी में 97 प्रतिशत, केमिस्ट्री में 95 प्रतिशत और फिजिक्स में 90 प्रतिशत अंक हासिल कर सभी को गौरवान्वित किया। इसके अलावा करण कुमार ने 85 प्रतिशत, अंकित राज ने 84 प्रतिशत, ऋषभ राज ने 83 प्रतिशत, गौतम कुमार गुप्ता ने 82 प्रतिशत, अनुराग कुमार ने 81 प्रतिशत तथा आयुष कुमार सिंह ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। मौके पर विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि विद्यालय हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कारयुक्त वातावरण देने के लिये प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनकी कठिन मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने कहा कि सफलता कभी संयोग से नहीं मिलती, बल्कि इसके पीछे वर्षों की मेहनत और अनुशासन छिपा होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मौके पर नीरा शर्मा सहित कई अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं और अभिभावक उपस्थित थे।

## डीजल मूल्य वृद्धि से जनता परेशान : बिट्टू पाठक

**मेदिनीनगर :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि चुनाव समाप्त होते ही आम जनता पर महंगाई का नया बोझ डाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि एलपीजी गैस की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद अब पेट्रोल में 3 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 3.11 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि कर सरकार ने सीधे तौर पर आम लोगों की जेब पर हमला किया है। जनता को राहत देने के बजाय लगातार महंगाई बढ़ाकर परेशान किया जा रहा है। बिट्टू पाठक ने कहा कि जनता सरकार से राहत की उम्मीद कर रही थी, लेकिन सरकार ने राहत देने के बजाय महंगाई का एक और झटका दे दिया।

## देवी धाम मंदिर में रुकवाया गया बाल विवाह, नाबालिग लड़की को भेजा गया सीडब्ल्यूसी मेदिनीनगर

**हैदरनगर :** प्रखंड स्थित देवी धाम मंदिर में हो रहे एक बाल विवाह को प्रशासन और अग्रगति संस्था की तत्परता से रोक दिया गया। गुप्त सूचना के आधार पर पहुंची जांच टीम ने मामले की जांच कर नाबालिग लड़की की शादी तत्काल स्थगित करा दी।जानकारी के अनुसार अग्रगति संस्था के प्रखंड समन्वयक चंदन मेहता, नीलम देवी एवं ममता देवी ने विवाह स्थल पर पहुंचकर दोनों पक्षों से पूछताछ की। लड़के के पिता ने पुत्र की उम्र 24 वर्ष बताया। जबकि लड़की की पहचान बबीता कुमारी पिता मुरारी राम, निवासी चेचरिया, प्रखंड उटारी रोड के रूप में हुई। जांच के दौरान टीम ने लड़की के आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं स्कूल परिचय पत्र की मांग की। उपलब्ध कराये गये आधार कार्ड में लड़की की उम्र मात्र 17 वर्ष पायी गई। इसके बाद अधिकारियों ने बाल विवाह को तुरंत रुकवाते हुये परिजनों को कड़ी चेतावनी दी कि कम उम्र में विवाह कराना कानूनन अपराध है। इसके बाद नाबालिग लड़की का रेस्क्यू कर उसे सीडब्ल्यूसी मेदिनीनगर भेज दिया गया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने लोगों को बाल विवाह निषेध कानून की जानकारी देते हुये टोल फ्री नंबर 1098 एवं 112 पर सूचना देने की अपील की। मौके पर हैदरनगर देवी धाम मंदिर अध्यक्ष, प्रखंड समन्वयक चंदन मेहता, नीलम देवी, ममता देवी, सीओ, थाना प्रभारी, जिला परिषद सदस्य, सीडीपीओ एवं पंडित जी ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

## ईआरओ एवं एईआरओ के साथ महत्वपूर्ण बैठक
## मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्य की समीक्षा




# डीसी ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने के दिये निर्देश

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 को लेकर सभी ईआरओ एवं एईआरओ के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में मतदाता सूची के शुद्धिकरण, अद्यतन एवं सत्यापन से जुड़े विभिन्न कार्यों की गहन समीक्षा करते हुये अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान डीसी ने वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं के विवरण के आधार पर वर्ष 2026 की मतदाता सूची के लिये किये जा रहे मैपिंग कार्य की जानकारी ली। उन्होंने मतदाताओं को विभिन्न श्रेणियों में चिन्हित करने, एएसडीडी मतदाताओं की सूची तैयार करने तथा पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया की विस्तार से समीक्षा की। डीसी ने मतदान केंद्रों के युक्तिकरण, हाउस एवं नोटेशनल हाउस नंबरिंग कार्य, बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर स्टिकर लगाने की प्रगति तथा कार्य पूर्णता प्रतिशत की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है, इसलिये इसमें किसी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में डेमोग्राफिकली सिमिलर एंट्रीज के सत्यापन एवं निष्पादन की प्रगति पर भी चर्चा की गई। डीसी ने सभी ईआरओ एवं एईआरओ को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को पूरी पारदर्शिता, गंभीरता एवं जवाबदेही के साथ संचालित करने का निर्देश दिया, ताकि जिले के प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाय।

## न्यूज अपडेट्स

### नौडीहा बाजार में 30 लाख की नकली शराब बरामद

**नौडीहा बाजार :** थाना क्षेत्र के खैरादोहर पंचायत अंतर्गत कुम्हारटांड़ गांव में शुक्रवार सुबह उत्पाद विभाग व पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर लगभग 30 लाख रुपये मूल्य की 700 पेटी नकली शराब बरामद की है। यह शराब राम प्रवेश राम के घर से ताला तोड़कर जब्त की गई। उत्पाद निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि बरामद शराब जेबी चॉइस ब्रांड की है। उन्होंने कहा कि दो वर्ष पूर्व भी इसी क्षेत्र से कच्चा स्प्रिट, बोतल और झारखंड सरकार का स्टीकर बरामद हुआ था, जिससे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नकली शराब कारोबार होने की आशंका है। पुलिस के अनुसार शराब माफिया फरार है और घर मालिक की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। छापेमारी अभियान में पुलिस निरीक्षक द्वारिका राम, थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी, सहायक पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार समेत कई जवान शामिल थे।

### डायन बताकर महिला समेत तीन की पिटाई

**गढ़वा :** बरडीहा थाना क्षेत्र के सरस्वतिया गांव में डायन-बिसाही को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक ही परिवार के महिला समेत तीन लोग घायल हो गये। घायलों में वीरेंद्र यादव, उनकी पत्नी सारो देवी एवं पुत्र पिंकू कुमार यादव शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज गढ़वा सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में बताया गया कि गांव के राधेश्याम यादव एवं उनके परिवार के लोग सारो देवी को डायन कहकर अक्सर गाली-गलौज करते थे। गुरुवार की देर शाम भी राधेश्याम यादव, शंभू यादव, बसंत यादव, डोमन यादव, अनुप यादव, चंद्रावती देवी, मीना देवी एवं खुशबू कुमारी सहित अन्य लोग सारो देवी के साथ गाली-गलौज करने लगे। इसका विरोध सारो देवी के पुत्र पिंकू कुमार यादव ने किया। आरोप है कि विरोध करने पर राधेश्याम यादव एवं उनके परिजनों ने पिंकू कुमार यादव के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुत्र को बचाने पहुंचे वीरेंद्र यादव एवं सारो देवी के साथ भी मारपीट की गई।

## गढ़वा जनसुनवाई में त्वरित कार्रवाई के निर्देश

# राशन, भूमि व भुगतान से जुड़े मामलों की भरमार

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** समाहरणालय सभाकक्ष में शुक्रवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई की अध्यक्षता जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज कुमार गिरि ने की। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे फरियादियों ने राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, रोजगार, बकाया मजदूरी भुगतान समेत कई समस्याओं को लेकर आवेदन सौंपे। जिला नियोजन पदाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुये संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आमजनों की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। जनसुनवाई में डंडई प्रखंड के करके गांव निवासी सोमारु प्रजापति ने भूमि मापी कराने की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि अंचल कार्यालय में आवेदन देने के बावजूद अब तक मापी नहीं कराई गई, जिससे दबंगों द्वारा उनकी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। वहीं विशुनपुरा प्रखंड के मधुरी गांव निवासी हसमत अली ने धान अधिप्राप्ति के बाद भुगतान नहीं होने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि उन्होंने 29 दिसंबर 2025 को 82 क्विंटल धान एफपीओ धान क्रय केंद्र में जमा किया था और रिसीविंग भी प्राप्त है, लेकिन अब तक अंगूठा सत्यापन नहीं होने के कारण भुगतान लंबित है। भवनाथपुर प्रखंड के बनसानी गांव की सुनैना देवी ने वर्ष 2022 में आवेदन देने के बावजूद राशन कार्ड नहीं बनने की शिकायत की। उन्होंने प्रशासन से जल्द राशन कार्ड उपलब्ध कराने की मांग की। मेराल प्रखंड कार्यालय में कार्यरत झाड़ूकश वीरेंद्र राम ने अगस्त 2021 से फरवरी 2022 तथा दिसंबर 2025 से लंबित मानदेय भुगतान कराने का अनुरोध किया। इसी तरह मेराल प्रखंड के गोंदा गांव निवासी देवंती देवी ने एनएच-75 फोरलेन निर्माण में अधिग्रहित भूमि के मुआवजा राशि में हेराफेरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनके पति की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने का फायदा उठाकर उनके भैसुर ने पूरी राशि खुद रख ली और उन्हें हिस्सा नहीं दिया। इसके अलावा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए अन्य लोगों ने भी अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। प्राप्त सभी आवेदनों को आवश्यक कार्रवाई के लिये संबंधित विभागों को भेज दिया गया।

# डीसी ने दिया सोन-कनहर परियोजना में तेजी लाने का निर्देश

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** डीसी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोन-कनहर परियोजना को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान डीसी ने सोन-कनहर परियोजना के तहत अब तक किये गये कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति, विभिन्न चरणों की प्रगति तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्यों की गति की जानकारी ली। साथ ही परियोजना में आ रही तकनीकी एवं प्रशासनिक बाधाओं पर संबंधित अधिकारियों और एजेंसी प्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा की। मौके पर डीसी ने कहा कि सोन-कनहर परियोजना क्षेत्र के विकास एवं आम लोगों की सुविधा के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। ऐसे में इससे जुड़े सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि अपूर्ण कार्यों में आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान कर निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाय, ताकि परियोजना निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरी हो सके। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीसी ने स्पष्ट कहा कि परियोजना कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाय तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बैठक में परियोजना के तहत अब तक पूर्ण किये गये कार्यों, शेष निर्माण, तकनीकी आवश्यकताओं एवं स्थल स्तर पर आने वाली चुनौतियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। डीसी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं को समय पर पूरा करना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जायेगी। बैठक में अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, संबंधित एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर, विभागीय पदाधिकारी एवं परियोजना से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## संयुक्त परिवार भारतीय संस्कृति की पहचान : रमाशंकर चौबे

**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस के अवसर पर मेराल प्रखंड स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय अरंगी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के शिक्षक अनुप कुमार ठाकुर ने की। कार्यक्रम की शुरूआत पीएलवी रमाशंकर चौबे द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना से की गई। इस दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संयुक्त परिवार भारतीय संस्कृति की पहचान है। संयुक्त परिवार में बाबा-दादी, माता-पिता, चाचा-चाची, बेटा-बेटी सभी एक साथ रहकर जीवन व्यतीत करते हैं, जो समाज के लिये प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करता है। पीएलवी यशवंत कुमार मिश्रा ने कहा कि संयुक्त परिवार समाज को कई बड़ी उपलब्धियां देता है। परिवार में आपसी सहयोग और सामंजस्य से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने लोगों से संयुक्त परिवार की परंपरा को बढ़ावा देने की अपील की। इस दौरान रमाशंकर चौबे ने परिवार से संबंधित प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में शिक्षक निखिल कुमार सिंह, त्रिलोकी नाथ राम, ज्योति सिंह एवं प्रतिभा कुमारी ने भी परिवार के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

## मोबाईल फोन गुम या चोरी होने पर तुरंत दें सूचना : एसपी

**पुलिस ने 88 मोबाईल फोन बरामद कर लोगों को लौटाया**




**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान एवं सतत कार्रवाई के तहत गुम एवं चोरी हुये कुल 88 मोबाईल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया। एसपी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एसपी कपिल देव चौधरी के नेतृत्व में मोबाईल फोन का विधिवत वितरण किया गया। मोबाईल वापस मिलने पर लाभुकों ने पलामू पुलिस के प्रति खुशी जाहिर करते हुये आभार व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि पुलिस की सक्रियता और तकनीकी प्रयासों से उनका खोया मोबाईल वापस मिल सका। एसपी ने आमजन से अपील करते हुये कहा कि मोबाईल गुम या चोरी होने की स्थिति में तत्काल नजदीकी थाना में सूचना दें तथा सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि समय पर सूचना मिलने से पुलिस को त्वरित कार्रवाई करने और मोबाईल बरामद करने में काफी सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि पलामू पुलिस आमजन की सेवा, सुरक्षा एवं विश्वास के लिये लगातार प्रतिबद्ध है तथा तकनीक के माध्यम से लोगों की समस्याओं के समाधान की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

## एआई से बदलेगी पढ़ाई की तस्वीर, आरके पब्लिक स्कूल में शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

# एआई से शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव : अलखनाथ

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा में सीबीएसई पटना द्वारा क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत यूज ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन क्लास रूम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षण और अधिगम की प्रक्रिया को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से अधिक प्रभावशाली, तकनीकी रूप से उन्नत और विद्यार्थियों के अनुरूप बनाना था। इस कार्यशाला में आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा, अधौरा श्री बंशीधर नगर एवं उंचरी मझिआंव स्कूल के करीब 60 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय, प्राचार्य संतोष पाण्डेय तथा रिसोर्स पर्सन केआर झा एवं नितिन राज ने दीप प्रज्ज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य द्वारा अतिथियों और रिसोर्स पर्सन को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। वहीं विद्यालय की छात्राओं ने संगीत शिक्षिका अनु सिन्हा के निर्देशन में स्वागत गीत प्रस्तुत कर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। मौके पर चेयरमैन अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। एआई के माध्यम से शिक्षण प्रक्रिया अधिक प्रभावशाली, व्यक्तिगत और आधुनिक बन रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को समय के साथ कदम मिलाकर चलने में मदद करते हैं तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में सहायक साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि केवल शैक्षणिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिकता, अनुशासन और मानवीय मूल्यों का विकास भी जरूरी है। शिक्षकों को कक्षा शिक्षण के साथ विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण पर भी विशेष ध्यान देना चाहिये। कार्यशाला के दौरान रिसोर्स पर्सन ने शिक्षकों को एआई की अवधारणा, उसके महत्व तथा शिक्षा में उसके बढ़ते उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एआई की सहायता से पाठ योजना निर्माण, प्रश्नपत्र तैयार करना, मूल्यांकन, वर्कशीट निर्माण और विद्यार्थियों की प्रगति का विश्लेषण करना अधिक आसान और प्रभावी हो सकता है। विशेषज्ञों ने बताया कि एआई आधारित टूल्स जैसे चैटबॉट, वर्चुअल असिस्टेंट और ऑटोमेटेड ग्रेडिंग सिस्टम शिक्षकों का कार्यभार कम करने के साथ छात्रों को त्वरित सहायता प्रदान करते हैं। साथ ही डेटा विश्लेषण के माध्यम से विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता और प्रगति पर नजर रखी जा सकती है। कार्यशाला में एआई आधारित शैक्षणिक टूल्स का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। संवादात्मक शैली में आयोजित इस प्रशिक्षण सत्र में शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और एआई के उपयोग से जुड़े कई प्रश्न पूछे। मौके पर अवसर पर अनुप कुमार पाण्डेय, नसरीन हक, देवेंद्र सिंह, राजेश कुमार, शैला खान, रुपेश पाण्डेय, आशीष कुमार, विकास तिवारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।



## कान्स फिल्म फेस्टिवल में तारा सुतारिया का ग्लोबल जलवा

79वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री तारा सुतारिया ने पहली बार शिरकत की। इस दौरान उन्होंने रेड सी फिल्म फाउंडेशन के 'वुमन इन सिनेमा गाला' में हिस्सा लिया, जहां उन्हें सिनेमा जगत में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस सम्मान का उद्देश्य दुनियाभर की उन प्रभावशाली महिलाओं को पहचान देना है, जो फिल्म इंडस्ट्री में बेहतरीन और अलग काम कर रही हैं। सम्मान मिलने के बाद तारा सुतारिया ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वह खुद को बेहद खुश, विनम्र और गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा, इतनी सम्मानित, कुशल, शक्तिशाली और प्रेरणादायक महिलाओं के बीच होना मेरे लिए बेहद खास अनुभव है। हम सबके बीच मौजूद समानताओं और विविधताओं का जश्न मनाना वास्तव में खूबसूरत एहसास है। तारा ने रेड सी फिल्म फाउंडेशन और कान्स में मौजूद आयोजकों का आभार भी जताया। इस खास मौके पर तारा सुतारिया ने डिजाइनर विविएन वेस्टवुड द्वारा डिजाइन किया गया आइकॉनी सैटिन कॉर्सेट गाउन पहना, जिसमें डिजाइनर की सिग्नेचर ड्रेप्ड कॉर्सेट्री और फ्लोइंग सिल्हूट नजर आया। उनके ग्लैमरस लुक और खूबसूरत तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर फैंस का ध्यान खींच लिया है। अभिनेत्री की तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं।

## 'वेलकम टू द जंगल' के टीजर में दिखी स्टार्स की पूरी फौज




अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का टीजर आखिरकार 15 मई को रिलीज कर दिया गया। 'वेलकम' फ्रैंचाइजी की यह तीसरी कड़ी है, जिसका दर्शकों को लंबे समय से इंतजार था। अहमद खान के निर्देशन और फिरोज नाडियाडवाला के निर्माण में बनी यह फिल्म एक बार फिर कॉमेडी, अफरा-तफरी और मनोरंजन का तगड़ा डोज लेकर आ रही है। टीजर रिलीज के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया गया है। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर टीजर शेयर करते हुए लिखा, पागलपन का स्वागत है, हंसी का स्वागत है, अफरा-तफरी का स्वागत है वेलकम यूनिवर्स के सबसे रोमांचक अध्याय का स्वागत है। टीजर में अक्षय कुमार, अरशद वारसी और सुनील शेट्टी की मजेदार नोकझोंक देखने को मिलती है। इसके अलावा फिल्म के अन्य कलाकारों के अजीबोगरीब कारनामे और हास्यास्पद स्थितियां दर्शकों को खूब गुदगुदाने वाली हैं। टीजर पूरी तरह मनोरंजन और कॉमिक अराजकता से भरपूर नजर आ रहा है। फिल्म में जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी, तुषार कपूर समेत कई बड़े सितारे अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। निर्माताओं ने बताया है कि फिल्म 26 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जबकि इसका टाइटल ट्रैक 18 मई को जारी किया जाएगा। टीजर देखने के बाद फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने श्रीलंका की महिला सांसदों के प्रतिनिधिमंडल का किया स्वागत



# निष्क्रिय भवनों का डीसी ने किया निरीक्षण

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** शहर में वर्षों से निष्क्रिय एवं खाली पड़े सरकारी भवनों और परिसरों के बेहतर उपयोग को लेकर जिला प्रशासन ने पहल तेज कर दी है। शुक्रवार को डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत एवं नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने शहर के विभिन्न सरकारी भवनों एवं खाली परिसरों का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साहित्य समाज चौक स्थित पुराने मलेरिया भवन, नूतन केंद्र के समीप खाली पड़ी जमीन, पुराने सदर प्रखंड कार्यालय भवन, खनिज भवन तथा नूतन केंद्र भवन का जायजा लिया गया। दोनों अधिकारियों ने भवनों की वर्तमान स्थिति, उपलब्ध संसाधनों एवं प्रशासनिक जरूरतों का आकलन करते हुये संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। डीसी ने कहा कि सरकारी परिसंपत्तियों का प्रभावी एवं जनहितकारी उपयोग सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से निष्क्रिय पड़े भवनों को आवश्यकता के अनुसार पुनः उपयोग में लाया जायेगा। वहीं जर्जर भवनों को कंडम घोषित कर नये भवन निर्माण की दिशा में भी आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि उपलब्ध भवनों एवं खाली परिसरों का योजनाबद्ध तरीके से उपयोग कर प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित एवं सुगम बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सभी संभावनाओं पर गंभीरता से कार्य किया जायेगा।



### कचरा पृथक्करण अब अनिवार्य, नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई : डीसी

**मेदिनीनगर :** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2026 के सख्त एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने की। इस दौरान नगर आयुक्त जावेद हुसैन, विभिन्न नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी, होटल, रेस्टोरेंट, बैंक्विट हॉल, लॉज एवं विवाह भवन संचालक समेत बल्क वेस्ट जनरेटर प्रबंधक उपस्थित थे। बैठक में डीसी ने कहा कि जिले में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल 2026 का प्रभावी एवं सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। डीसी ने कहा कि अब कचरे का स्रोत पर ही पृथक्करण अनिवार्य होगा। प्रत्येक घर, होटल, प्रतिष्ठान एवं संस्थान को गीला, सूखा, सैनिटरी एवं घरेलू हानिकारक कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित करना होगा। उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फ शहर स्वच्छ बनेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं जनस्वास्थ्य को भी मजबूती मिलेगी।

### जनगणना में सहयोग करें, सही जानकारी देना हर नागरिक की जिम्मेदारी : डीसी

**मेदिनीनगर :** जनगणना 2027 के तहत पलामू जिले में स्व-गणना की प्रक्रिया में जिले के साढ़े पांच हजार से अधिक लोगों ने ऑनलाईन माध्यम से स्व-गणना में भाग लिया। अब जिले में 16 मई 2026 से 14 जून 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का डोर-टू-डोर सर्वे अभियान चलाया जायेगा। जनगणना कार्य के तहत प्रारंभिक पांच दिनों तक प्रगणक अपने-अपने क्षेत्र का मैप लेआउट तैयार करेंगे, भवनों का भौतिक सत्यापन करेंगे तथा हाउस नंबरिंग का कार्य संपन्न करेंगे। इसके बाद प्रगणक घर-घर जाकर मोबाईल ऐप के माध्यम से लोगों की जानकारी दर्ज करेंगे। सर्वे के दौरान प्रगणकों द्वारा आम लोगों से कुल 33 प्रकार की जानकारियां ली जाएंगी। सुपरवाइजर एवं चार्ज ऑफिसर लगातार पूरे कार्य की निगरानी करेंगे। डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने जिलेवासियों से अपील करते हुये कहा कि जनगणना देश की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विकास योजनाएं तैयार की जाती हैं। उन्होंने लोगों से सर्वे टीम को सही एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने का आग्रह किया, ताकि जनगणना कार्य पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक पूरा हो सके।

## पुलिस ने पांच लोगों को सौंपा उनके खोये हुये मोबाईल, खिले चेहरे



**विश्रामपुर :** विश्रामपुर थाना परिसर में शुक्रवार को अभियान मुस्कान के तहत गुम हुये मोबाईल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी उपस्थित थे। उनके हाथों पांच लोगों को उनका खोया हुआ मोबाईल वापस दिया गया। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस आम जनता की सुरक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिये लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि मोबाईल गुम होने या चोरी होने की स्थिति में तुरंत संबंधित थाना में सूचना दें। ताकि तकनीकी सहायता से मोबाईल को जल्द बरामद किया जा सके। उन्होंने बताया कि अभियान मुस्कान के तहत लगातार कार्रवाई चल रही है और आगे भी गुम हुये मोबाईल फोन को बरामद कर लोगों को सौंपने का कार्य जारी रहेगा। मोबाईल वापस मिलने पर लोगों ने पुलिस प्रशासन के प्रति खुशी जताते हुये आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान, थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे, उंटारी रोड के थाना प्रभारी संतोष गिरी सहित कई पुलिस पदाधिकारी एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

## मारपीट में घायल पति की मौत के बाद पत्नी ने घरवालों पर कराई प्राथमिकी

**उंटारी रोड :** थाना क्षेत्र के पाण्डेयपुरा में पिछले 24 अप्रैल को हुई मारपीट में घायल 35 वर्षीय विकास सिंह पिता सुरेंद्र सिंह की मौत शुक्रवार को हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भेज दिया है। मृतक की पत्नी मीना कुमारी ने इस मामले में अपने ससुर, सास, देवर व गोतनी के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। उनका आरोप है कि घरेलू विवाद में पिछले 24 अप्रैल को उनके पति के साथ मारपीट हुई थी। जिसमें उनको कोई अंदरूनी चोटें आई थी। जिसका इलाज वे अपने स्तर से करवा रहे थे। इसी बीच आज सुबह उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी संतोष गिरी ने बताया कि पीड़िता के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

## दो वारंटी गिरफ्तार



**विश्रामपुर :** पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत दो ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है जिनके विरुद्ध न्यायालय से नननबेलेबल वारंट निर्गत किया गया था। थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे ने बताया कि दो वारंटी गौरा गांव के प्रताप सिंह पिता स्वर्गीय सरदार सिंह व विश्रामपुर के सुलेमान कुरैशी पिता बदरुद्दीन कुरैशी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

## जेटेट नियमावली में भोजपुरी, मगही व अंगिका शामिल करने की मांग



**मेदिनीनगर :** पलामू जिला वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति ने शुक्रवार को परिसदन भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जेटेट नियमावली 2026 में भोजपुरी, मगही और अंगिका भाषा को क्षेत्रीय भाषा के रूप में शामिल करने की मांग उठाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संदीप कुमार पासवान ने की। संदीप पासवान ने कहा कि सरकार द्वारा नई जेटेट नियमावली में इन भाषाओं को शामिल नहीं किये जाने से पलामू क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के साथ अन्याय हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे यहां के युवाओं के भविष्य पर नकारात्मक असर पड़ेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में झारखंड में अब तक अनुसूचित जाति आयोग का गठन नहीं होने पर भी नाराजगी जताई गई। समिति ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जल्द आयोग गठन और जेटेट नियमावली में संशोधन की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी गई।

### ज्योति प्रकाश बीएड कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

# एआई का उपयोग मानव क्षमता बढ़ाने के लिये हो : कुलपति



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** चियांकी स्थित ज्योति प्रकाश बीएड कॉलेज में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और शैक्षणिक प्रौद्योगिकी के युग में समाज एवं शिक्षा का बहुविषयक रूपांतरण, आलोचनात्मक चिंतन, शिक्षक एवं चुनौतियां विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ हुआ। सेमिनार के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ दिनेश कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथियों में मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर, पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आनंद शंकर, व्यवसायी आकर्ष आनंद एवं उनकी धर्मपत्नी, एनपीयू के डीएसडब्ल्यू डॉ सुरेंद्र पांडेय तथा इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ राजेंद्र सिंह शामिल थे। सभी ने दीप प्रज्वलन एवं स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कुलपति प्रो डॉ दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान शताब्दी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है और शिक्षा जगत इससे सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में शामिल है। उन्होंने कहा कि एआई का उपयोग मानव शक्ति को कम करने के लिये नहीं, बल्कि कार्यों को अधिक उत्कृष्ट, प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिये किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि अमेरिका, इजरायल सहित कई विकसित देशों में उन्नत तकनीकों का उपयोग दशकों से हो रहा है और भारत भी अब तेजी से तकनीकी परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में शिक्षण संस्थानों को तकनीक के साथ खुद को अद्यतन करना होगा, ताकि विद्यार्थी वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हो सकें। कुलपति ने कहा कि एआई केवल तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि शिक्षा, शोध, सामाजिक संरचना और ज्ञान प्रणाली में व्यापक परिवर्तन का माध्यम बन चुका है। महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि एआई आज नवाचार और विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और प्रशासन सहित कई क्षेत्रों में इसका सकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि मशीनें सूचना दे सकती हैं, लेकिन शिक्षकों की मानवीय संवेदनाएं, प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्थान कभी नहीं ले सकतीं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश के पलामू में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने में दिये गये योगदान को याद करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी, शोधार्थी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)